# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (23 September 2023)
## Subject - Hindi
## Class - VI (SET - A)

Time: 3 hrs. MM: 80

(भाग-क) पठन

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

शाम के पाँच बजे स्कूल की घंटी बजी। सब लड़के अपने अपने घर जाने लगे। इनमें एक लड़का ऐसा था, जो गंगा के उस पार रहता था। गंगा के उस पार, वह नाव से आया जाया करता था, लेकिन आज उसके पास नाव का किराया देने को पैसे नहीं थे। नाव का किराया भी ज्यादा न था, केवल दो ही पैसे था। उसने सोचा कि पुल से जाता हूँ तो घर पहुँचने में काफी देर हो जाएगी। घर पर माँ मेरी बाट देख रही होगी। उसने तैरकर जाने का निश्चय कर लिया और साहस करके नदी में कूद गया।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प छाँटिए।

1. स्कूल की घंटी कब बजी?

   (क) पाँच बजे (ख) दो बजे (ग) तीन बजे (घ) एक बजे

2. लड़का कहाँ रहता था?

   (क) गंगा के उस पार (ख) स्कूल के पास (ग) कुएँ के पास (घ) अस्पताल के पास

3. बालक स्कूल कैसे आता था?

   (क) बस से (ख) पैदल (ग) नाव से (घ) घोड़ागाड़ी से

4. नाव का किराया कितना था?

   (क) चार पैसे (ख) दो पैसे (ग) तीन पैसे (घ) पाँच पैसे

5. उसने कैसे घर जाने का निश्चय किया–

   (क) तैरकर (ख) भागकर (ग) धीरे-धीरे चलकर (घ) बस द्वारा

(भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र2. निम्नलिखित रिक्त स्थान भरिए :- (रोमन, भाषा, लिखित) (कोई दो)** (2)

क) भाषा के दो रूप होते है - 1) मौखिक और 2) ............

ख) अंग्रेजी की लिपि ............ है।

ग) आपस में विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम ............ है।

**प्र3. सही कथन पर (✓) और गलत कथन पर (X) का चिह्न लगाइए।** (2)

क) हिंदी की लिपि रोमन है।

ख) भाषा के नियमों का शास्त्र व्याकरण है।

**प्र4. निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग करके 2-2 शब्द लिखिए।** (1)

क) क्ष- ख) त्र-

A-1

प्र5. दिए गए शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करके शब्दों को दोबारा लिखें। (2)

झडा, बदर, कुआ, हस

प्र6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें: (कोई दो) (2)

किनारा, जग, दिन

प्र7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए: (कोई चार) (2)

आशा, एकता, गुप्त, रक्षक, उत्थान, आदान

प्र8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ चुनकर (श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द) लिखिए: (2)

(वंश, किनारा, अनाज, चावल, कोई भी अनाज)

क) कुल- ख) धान-

कूल- धान्य-

प्र9. निम्नलिखित उपसर्गों से 2-2 शब्द बनाइए: (कोई दो) (2)

अन, स, कम

प्र10. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को कारक चिह्न से भरिए: (कोई दो) (2)

क) लोगों ने चोर ............ पकड़ लिया। (को, में)

ख) यह पापा ............. कमरा है। (से, का)

ग) धोबी ............. कपड़े नहीं धोए। (ने, का)

प्र11. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम का भेद लिखें: (कोई दो) (2)

क) यह पुस्तक किसकी है?

ख) दूध में कुछ पड़ा है।

ग) मै अपने-आप सब कर लूँगी।

प्र12. संधि करें: (कोई दो) (2)

क) देव + आलय - ख) परम + आनंद - ग) कपि + ईश

प्र13. निम्नलिखित वाक्य को विस्मयादिबोधक अव्यय से पूरा कीजिए: (2)

क) ................. मै मर गया। (हाय!, वाह!)

ख) ........... क्या खाना बनाया है। (बच के!, वाह!)

प्र14. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को उचित संबंधबोधक शब्द से पूरा कीजिए: (2)

(के भीतर, के साथ)

क) मीरा माँ ............ बाज़ार गई है।

ख) सभी छात्र कक्षा ............ चुपचाप बैठे है।

प्र15. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए: (3)

क) उसने नई कमीज़ खरीदा।

ख) पेड़ में पत्ते गिर रहे है।

ग) वह चार रोटी खाता है।

प्र16. निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए:(3)

क) तुम विदेश क्यों जाना चाहते हो

ख) मैने बाज़ार से केले खरीदे

ग) वे दोनों भाई बहन खेल रहे है

प्र17. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ का सही मिलान करें: (3)

| | |
|---|---|
| क) कंठ का हार होना | 1) संदेह की बात |
| ख) दाल में काला होना | 2) शांति मिलना |
| ग) कलेजा ठंडा होना | 3) बहुत प्रिय होना |

प्र18. निम्नलिखित लोकोक्तियों को उनके अर्थ से मिलाइए: (2)

| | |
|---|---|
| क) सिर मुँडाते ही ओले पड़ना | 1) एक काम से दोहरा लाभ |
| ख) अँधों में काना राजा | 2) कार्य शुरु होते ही विघ्न पड़ना |
| ग) आ बैल मुझे मार | 3) मूर्खो में थोड़ा समझदार |
| घ) एक पंथ दो काज | 4) मुसीबत को स्वयं बुलाना |

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

प्र19. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई चार) (2)

खौफ़नाक, घृणा, प्रयत्न, उत्सुक, इतमीनान, खिसकना

प्र20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (5×1=5)

क) टी.वी. स्क्रीन पर कहाँ का बाहरी दृश्य उभरा?

ख) बच्चों में मोटापे की समस्या का मुख्य कारण क्या है?

ग) रामू की बहू ने बिल्ली पर क्या दे मारा?

घ) अमर सिंह डॉ. वर्मा को कहाँ लेकर गए?

ङ) बर्गर, पिज्जा जैसे खाद्य पदार्थ किससे बने होते है?

प्र21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 2-3 वाक्यों में दीजिए - (कोई तीन) (3×2=6)

क) प्रताप कौन था? वह किशनगंज में क्या ढूँढ रहा था?

ख) रामू की बहू ने बिल्ली पर हमला क्यों किया?

ग) चाऊमीन में प्रयुक्त अजीनोमोटो हानिकारक क्यों है?

घ) घर वालों के जाने के बाद संकल्प ने क्या किया?

प्र22.निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही या गलत बताइए - (1)

क) संकल्प ने न्यूज़ चैनलों को ई-मेल भेजा।

ख) शीतल पेयों में सोड़ा, कैफीन और फॉस्फोरस होते है।

**प्र23. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखें** **(5)**

"बिल्ली की हत्या कोई ऐसा- वैसा पाप तो नहीं। बड़े पाप के लिए बड़ा खर्च भी चाहिए। " छुन्नू की दादी ने कहा, "और नहीं तो क्या, दान पुण्य से ही पाप कटते हैं। दान- पुण्य में किफायत ठीक नहीं।" मिसरानी ने कहा," और फिर माँ जी आप लोग बड़े आदमी ठहरे। आप लोगों को इतना खर्च क्यों अखरेगा। " रामू की मां ने चारों ओर देखा सभी पंच पंडित जी के साथ। पंडित परमसुख मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने कहा, "रामू की माँ,एक तरफ तो बहू के लिए कुंभीपाक नरक हैं और दूसरी ओर तुम्हारे जिम्मे थोड़ा- सा खर्च।

क) गद्यांश में किसकी हत्या को बड़ा पाप माना गया है?

1) आदमी की 2) पक्षी की 3) बिल्ली की

ख) छुन्नू की दादी के अनुसार पाप काटने के लिए कौन सा उपाय करना चाहिए?

1) दान- पुण्य करना चाहिए 2) तीर्थ -धाम जाना चाहिए 3) गंगा स्नान करना चाहिए

ग) गद्यांश में बिल्ली की हत्या के पाप को किस नरक के समान बताया है?

1) कुंभीपाक 2) तपन 3) काकोल

घ) कौन मुस्कुरा रहा था?

1) रामू की मां 2) रामू की बहू 3) पंडित परमसुख

ड़) आप लोग बड़े आदमी ठहरे किसने कहा?

1) रामू की बहू ने 2) पंडित जी ने 3) मिसरानी ने

## (खण्ड-घ) लेखन

**प्र24. किसी एक विषय पर अनौपचारिक पत्र लिखें।** (5)

अपने विद्यालय में आयोजित बाल मेले का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

**अथवा**

जन्मदिन पर प्राप्त उपहार के लिए अपनी नानी को पत्र लिखिए।

**प्र25. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:** (5)

मेरा प्रिय मित्र

**अथवा**

मेरा विद्यालय

**अथवा**

पुस्तकालय का महत्त्व

**प्र26. किसी एक विषप पर संवाद लिखिए:** (5)

दो मित्रों के बीच संवाद

**अथवा**

माँ-पुत्र के बीच संवाद

**प्र27. निम्नलिखित चित्र को देखकर 4-5 पंक्तियों में वर्णन कीजिए।** (5)



A-5

# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## First Term Examination (23 September 2023)
## Subject - Hindi
## Class - VI (SET - B)

MM: 80

Time: 3 hrs.

### (भाग-क) पठन

**प्र1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें:** (5)

हॉलैंड यूरोप का एक प्रसिद्ध देश है। यह देश समुद्र तट पर बसा हुआ है। देश को समुद्र के पानी से बचाने के लिए लोगों ने एक बड़ी दीवार बना रखी थी। दीवार के पास के एक छोटे से गाँव में एक मजदूर रहता था। इसका बेटा पीटर भी इसी रास्ते से होकर रोज स्कूल जाया करता था। एक दिन पीटर के स्कूल में देर से आने के कारण अध्यापक महोदय ने उसे दो घंटे के बाद छुट्टी दी। शाम हो गई थी। अचानक पीटर ने दीवार में से एक जगह बहते पानी को देखा। वह यह सोचकर डर गया कि इससे सारा गाँव ही बह जाएगा। उसने थोड़े पत्थर इस सुराख में भरे और फिर अपनी हथेली से उस सुराख को रोके रखा। इससे पानी बंद हो गया। उसने सोचा कि किसी भी राहगीर से मैं गाँव में खबर करा दूँगा और लोग आकर दीवार ठीक कर देंगे। रात हो गई मगर वहाँ कोई भी नहीं आया। पीटर भी सारी रात उसी तरह बैठा रहा।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प छाँटिए।

1. समुद्र तट पर कौन-सा देश बसा हुआ था?
   (क) चीन (ख) हॉलैंड (ग) भारत (घ) बंग्लादेश
2. लोगों ने गाँव की रक्षा के लिए क्या किया?
   (क) दीवार बनाई (ख) पुलिस बुलाई (ग) चौकीदार बैठाया (घ) रेत बिछाई
3. शिक्षक ने बालक को छुट्टी कितने समय बाद दी?
   (क) चार घंटे बाद (ख) दो घंटे बाद (ग) तीन घंटे बाद (घ) पाँच घंटे बाद
4. पीटर किसका बेटा था?
   (क) किसान का (ख) जमींदार का (ग) डॉक्टर का (घ) मजदूर का
5. बालक ने बहते पानी को कैसे रोका?
   (क) सुराख में पत्थर भरकर (ख) सुराख में मिट्टी भरकर
   (ग) सुराख में रेत भरकर (घ) कपड़ा लगाकर

### (भाग-ख) व्यावहारिक व्याकरण

**प्र2. निम्नलिखित रिक्त स्थान भरिए :- (स्वरों, देवनागरी, गुरुमुखी) (कोई दो)** (2)

क) संस्कृत और हिंदी की लिपि ............... है।

ख) .............. के उच्चारण में मुख से वायु बिना किसी रूकावट के बाहर निकलती है।

ग) पंजाबी की लिपि ................ है।

**प्र3. सही कथन पर (✓) और गलत कथन पर (X) का चिह्न लगाइए।** (2)

क) पशु-पक्षियों के बीच होने वाले संप्रेषण को भी भाषा कह सकते हैं।

ख) लेख लिखना लिखित भाषा का रूप है।

**प्र4. निम्नलिखित संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग करके 2-2 शब्द लिखिए।** (1)

क) क्क- ख) च्च-

B-1

प्र5. दिए गए शब्दों में अनुस्वार या अनुनासिक चिह्न का प्रयोग करके शब्दों को दोबारा लिखें। (2)

चाद, अदर, अडा, गाव

प्र6. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें: (कोई दो) (2)

काया, दीपक, जल

प्र7. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए: (कोई चार) (2)

आदर, कठिन, जय, तीव्र, निर्दय, भय

प्र8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ चुनकर (श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द) लिखिए: (2)

(दूसरा, अनाज, जल, हाथ, वार, गरीब)

क) अन्य-　　ख) दिन-

अन्न-　　दीन-

प्र9. निम्नलिखित उपसर्गों से 2-2 शब्द बनाइए: (कोई दो) (2)

पर, अध, खुश

प्र10. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को कारक चिह्न से भरिए: (कोई दो) (2)

क) मज़दूरों ने मकान ........ गिरा दिया। (ने, को)

ख) माँ ने बेलन .......... रोटी बनाई। (से, को)

ग) विहान ............. खाना खाया। (को, ने)

प्र11. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम का भेद लिखें: (कोई दो) (2)

क) तुम कल <u>कहाँ</u> जाओगे?

ख) दरवाज़े के पीछे <u>कोई</u> है।

ग) <u>जैसा</u> बोओगे, <u>वैसा</u> काटोगे।

प्र12. संधि करें: (कोई दो) (2)

क) दया + आनंद -　　ख) राजा + आज्ञा -　　ग) रजनी + ईश

प्र13. निम्नलिखित वाक्य को विस्मयादिबोधक अव्यय से पूरा कीजिए: (2)

क) .................. कितनी बदबू है यहाँ। (वाह!, छिः छिः)

ख) ............ बहुत गरमी है। (उफ!, बढ़िया!)

प्र14. निम्नलिखित रिक्त स्थानों को उचित संबंधबोधक शब्द से पूरा कीजिए: (2)

(के नीचे, के बाहर)

क) घर ............... बहुत बड़ा आम का पेड़ है।

ख) बिल्ली पलंग .................. बैठी है।

प्र15. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए: (3)

क) ठंडी हवा बह रहा था।

ख) सबने मजे से मिठाई खाया।

ग) उसने हस्ताक्षर किया।

**प्र16. निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न का प्रयोग करके वाक्य दोबारा लिखिए:(3)**

क) आप शाम को कहाँ गए थे

ख) मैने बाज़ार से संतरे खरीदे

ग) वह माता पिता की आँखों का तारा है

**प्र17. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ का सही मिलान करके लिखें:** (3)

| | |
|---|---|
| क) घी के दीये जलाना | 1) बहुत परिश्रम करना |
| ख) अक्ल का दुश्मन | 2) बहुत खुशियाँ मनाना |
| ग) खून पसीना एक करना | 3) मूर्ख व्यक्ति |

**प्र18. निम्नलिखित लोकोक्तियों को उनके अर्थ से मिलाइए:** **(2)**

| | |
|---|---|
| क) एक पंथ दो काज | 1) शरीर की अपेक्षा अक्ल बड़ी होती है |
| ख) घर का भेदी लंका ढाए | 2) मूर्ख व्यक्ति गुणों को नहीं पहचानता |
| ग) अक्ल बड़ी या भैंस | 3) एक काम से दोहरा लाभ |
| घ) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद | 4) आपस की फूट से हानि होना |

## (भाग-ग) पाठ्य पुस्तक

**प्र19. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें: (कोई चार)** **(2)**

आहार, हुक्म, परिचित, चंपत, नेटवर्क, पाठ पढ़ना

**प्र20.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(5×1=5)**

क) जयपुर में देर रात तक बच्चे क्या कर रहे थे?

ख) फास्ट फूड ने अमेरिका में किस समस्या को महामारी के स्तर तक फैला दिया है?

ग) रामू की बहू ने रामू के लिए क्या बनाया था?

घ) बच्चे के पास क्या नहीं है? (ईमानदार बालक एकांकी में)

ङ) सुबह कबरी बिल्ली कहाँ बैठी थी?

**प्र21.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 2-3 वाक्यों में दीजिए - (कोई तीन)** **(3×2=6)**

क) बसंत कौन था? वह बार-बार राजकिशोर जी से कोई चीज लेने का आग्रह क्यों कर रहा था?

ख) पंडित परमसुख ने पंडिताइन से क्या कहा?

ग) फास्ट फूड क्या है? इस सूची में कौन-सी खाद्य वस्तुएँ शामिल हैं?

घ) कब किस पर फौलादी घूँसा पड़ा और क्यों?

प्र22.निम्नलिखित वाक्यों को पढ़कर सही या गलत बताइए - (1)

क) बसंत नोट भुनाने के लिए गया था।

ख) चाऊमीन में अजीनोमोटा डाला जाता है।

**प्र23. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखें** **(5)**

चिकित्सकों और पोषण विशेषज्ञों के अनुसार फास्ट फूड खाने के आदी बच्चे ऐसे बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, जो बुढ़ापे की बीमारियाँ समझी जाती हैं। महानगरों के स्कूलों में पढ़ने वाले 60 फ़ीसदी बच्चे फास्ट फूड पर निर्भर हैं, बल्कि यह कहना उचित होगा कि उन्हें इस का चस्का लगा हुआ है। नतीजा बड़ा ही खोफ़नाक है फास्ट फूड ने अमेरिका में मोटापे को महामारी के स्तर तक फैला दिया है। भारत जैसे विकासशील देश में मोटापे की समस्या खतरनाक स्तर तक बढ़ चुकी है। पिछले 3 वर्षों में देश में मोटे बच्चों की संख्या में 24 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। जिस तरह से फास्ट फूड का प्रचलन बढ़ रहा है उसे देखते हुए बच्चों का मोटापा घटना बड़ा मुश्किल है।

क) महानगरों के बच्चों की कितनी फीस दी आबादी फास्ट फूड पर निर्भर है?

1) 70 फीसदी 2) 60 फीसदी 3) 30 फीसदी

ख) बच्चों को किस चीज का चस्का लगा हुआ है?

1) दाल चावल का 2) सब्जी रोटी का 3) फास्ट फूड का

ग) किस बीमारी को महामारी की संज्ञा दी गई है?

1) मलेरिया 2) मोटापा 3) हैजा

घ) भारत जैसे विकासशील देश में मोटापे की समस्या किस स्तर तक बढ़ चुकी है?

1) खतरनाक स्तर तक 2) अच्छे स्तर तक 3) कोई भी नहीं

ङ) पिछले तीन वर्षों में मोटे बच्चों की संख्या में कितनी वृद्धि दर्ज हुई है?

1) 50 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई

2) 24 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई

3) 70प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई

B-4

(खण्ड-घ) लेखन

प्र24. किसी एक विषय पर अनौपचारिक पत्र लिखें। (5)

वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

छात्रावास की दिनचर्या के विषय में पिता जी को पत्र लिखिए।

प्र25. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें: (5)

समय का सदुपयोग

अथवा

पेड़-पौधे और हम

अथवा

पुस्तकालय का महत्त्व

प्र26. किसी एक विषप पर संवाद लिखिए: (5)

माँ-पुत्र के बीच संवाद

अथवा

दो मित्रों के बीच संवाद

प्र27. निम्नलिखित चित्र को देखकर 4-5 पंक्तियों में वर्णन कीजिए। (5)



B-5